श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 323 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 08 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

## कब तक किराये के आंगन में खेलेंगे नौनिहाल, 25 फीसदी आंगनबाड़ियों के पास नहीं अपना भवन

**भोपाल, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में नौनिहाल अब भी किराये के आंगन में खेलने व पढ़ने को मजबूर हैं। दरअसल प्रदेश के 55 जिलों में 25 प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्र किराए के घरों में संचालित किए जा रहे हैं। इनमें व्यवस्थाएं भले आधी-अधूरी हों, लेकिन महिला एवं बाल विकास विभाग को तीन से चार हजार रुपये प्रतिमाह किराया चुकाना पड़ता है। इसकी वजह यह है कि विभाग के पास केंद्र संचालित करने के लिए खुद के भवन नहीं हैं।




बता दें कि मध्य प्रदेश सरकार ने पूर्व में आंगनबाड़ी केंद्रों को खुद के भवनों में संचालित करने के साथ ही प्ले स्कूल में बदलने की योजना बनाई थी। यह योजना अब अधिकारियों की अनदेखी से फाइलों में बंद हो गई है।

### किराये के भवन में 25 हजार आंगनबाड़ी...

अपने एमपी के 55 जिलों में कुल 97 हजार 329 आंगनबाड़ी संचालित की जा रही हैं। इनमें 84 हजार 465 आंगनबाड़ी और 12 हजार 864 मिनी आंगनबाड़ी हैं। इनमें से विभाग द्वारा खुद के भवनों में 50 हजार 125 आंगनबाड़ी केंद्र और 21 हजार 696 अन्य शासकीय भवनों में संचालित किए जा रहे हैं। जबकि, 25 हजार 508 आंगनबाड़ी केंद्र किराये के भवनों में संचालित किए जा रहे हैं।

### भोपाल में 50 प्रतिशत आंगनबाड़ी भवन किराये से...

भोपाल में भी आंगनबाड़ी केन्द्रो का हाल सही नहीं है। यहां संचालित हो रहे एक हजार 872 केंद्रों में से 50 प्रतिशत यानी 950 किराए के घरों में संचालित किए जा रहे है। जबकि, सिर्फ 922 केंद्र ही विभाग के खुद के या सरकारी भवनों में चल रहे हैं।

### यह है बजट प्रावधान...

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को बनाने का जिम्मा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को दिया गया है। संशोधित बजट के हिसाब से प्रति आंगनबाड़ी के लिए 11 लाख 22 हजार रुपये का बजट रखा गया है।

### इनका कहना...

प्रदेश में अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र शासकीय भवनों में संचालित किए जा रहे हैं। कुछ केंद्र हैं, जो किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं। इनके लिए खुद के भवन बनाए जाने के लिए शासन स्तर पर चर्चा चल रही है।

**स्वर्णिमा शुक्ला, संयुक्त संचालक**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**

# घर-घर विराजे गजानन गणेश





**✻ ढोल-ढमाकों, डीजे व बैंडबाजों के साथ की बाबा की अगवानी ✻ गणपतिजी ने की बाईक, ट्रेक्टर, बैलगाड़ी, पिकअप और लोडिंग टेम्पों की सवारी**

**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित पूरे अंचल में रिद्धी-सिद्धी के दाता भगवान गजानन गणेश की स्थापना के साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव शनिवार से शुरु हो गया। ढोल-ढमाकों, डीजे की धुन व बैंड-बाजों के साथ शुक्रवार को श्री गणेश की विभिन्न आकर्षक प्रतिमाओ को प्रतिष्ठानों, घरों व पांडालों में विराजित किया गया। बच्चो से लेकर बुजुर्गो तक हर कोई इस पर्व को मनाने को लेकर उत्साहित दिखा। गणपति की स्थापना के बाद से ही 10 दिनों तक भगवान की पूजा-अर्चना का दौर जारी रहेगा। लोगो ने भगवान की अगवानी में कोई कसर नहीं छोड़ी वहीं गणपतिजी ने भी बाईक, ट्रेक्टर, बैलगाड़ी, पिकअप और लोडिंग टेम्पो तथा हाथ ठेलो की सवारी भी की।



### 200 से अधिक स्थानों पर विराजे विध्नहर्ता...

जानकारी अनुसार प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी घरों, दुकानों व विभिन्न संस्थानों के साथ ही शहर में करीब 200 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर गणपति स्थापना हुई। इनमें से करीब एक दर्जन से ज्यादा पांडाल आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। शहर में कई ऐसे पांडाल है, जिन्होंने अन्य शहरो से गणेशजी की महंगी प्रतिमाएं बुलवाई है। जिले में करीब 400 से अधिक स्थानों पर मूर्ति कलाकारों ने अलग-अलग तरह की भगवान गणपति की मूर्तियों से बाजार सजाया। शहर सहित अंचल के गणेश मंदिरों में साज-सज्जा के साथ ही अन्य आवश्यक कार्य किया गया है।



### श्री हरिहर धाम में विराजे पंचमुखी बालाजी गणेश...

अभिनंदन परिक्षेत्र स्थित श्री हरिहर धाम में भी इस बार समिति सदस्यों द्वारा गणपति स्थापना की गई। यहां श्री गणेश के साथ ही पंचमुखी बालाजी की प्रतिमा लाई गई है। प्रतिमा को ढोल ढमाको के साथ अगवानी कर मंदिर परिसर में लाया गया। जहां स्थापना के साथ ही पूजा अर्चना कर दस दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रृद्धालुजन उपस्थित थे।

# औसत के करीब पहुंची बारिश

## शनिवार को कहीं मद्धम धीमी तो कहीं तेज बारिश दर्ज

**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में शुक्रवार-शनिवार को जिले के कई स्थानों पर तेज बारिश हुई। शनिवार को सुबह से ही बादल छाए रहे। लेकिन, ज्यादा तेज बारिश नहीं हुई। शनिवार सुबह तक पिछले 24 घंटों में जिले में करीब 1 इंच बारिश हुई। जिले में आज रविवार को भी बारिश का अनुमान है। अब तक औसत बारिश 30.58 इंच दर्ज की गई है। जो औसत के काफी करीब है। बता दें कि जिले की सामान्य औसत बारिश 33 इंच है।

मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ट्रफ के प्रदेश से गुजरने और आंध्र प्रदेश-ओडिशा में एक्टिव लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) की वजह से ऐसा होगा। हालांकि, कई जिलों में तीखी धूप भी निकलेगी। मौसम वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के समुद्र तट पर लो प्रेशर एरिया सिस्टम सक्रिय है। वहीं, मानसून ट्रफ जैसलमेर से एमपी के सीधी होते हुए आगे गुजर रही है। एक अन्य सिस्टम भी सक्रिय है। इस वजह से दो दिन पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है। लोकल सिस्टम की एक्टिविटी भी बनी रहेगी। अब 9 और 10 सितंबर को कई जिलों में तीखी धूप भी निकलेगी। इधर चंबल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1306.60 फीट पहुंच गया है। यदि तेज बारिश होती है या दूसरी और से पानी की आवक बढ़ती है तो इस साल गांधीसागर बांध के गेट खोले जा सकते है।

### 10 तक ऐसा ही रहेगा मौसम...

मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया, प्रदेश में कहीं-कहीं लोकल सिस्टम की एक्टिविटी भी देखने को मिलेगी। दोपहर के बाद ही पानी गिरेगा। दिन में गर्मी का असर भी देखने को मिलेगा।

**फिरौती और अपहरण के मामले में गैंगस्टर सुधाकर मराठा, रेलवे रिटायर्डकर्मी सुनील दुबे, दलाल चन्दू शिवानी सहित सात लोगों पर मामला दर्ज...**

# छह आरोपी गिरफ्तार, मराठा की तलाश जारी

**रतलाम, 07 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** रुपयो के लेन देन को लेकर चल रहे न्यायालयीन केस को सैटल करने के लिए बालाजी होटल के संचालक को अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने देवास के गैंगस्टर सुधाकर मराठा, रेलवे से रिटायर्ड टीसी सुनील दुबे, दलाल चन्दू शिवानी सहित सात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। सुधाकर के अलावा प्रकरण के सभी छः आरोपियों को पुलिस ने शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। सुधाकर मराठा की तलाश जारी है। सभी गिरफ्तार छः आरोपियों को जैल भेज दिया गया है।

पुलिस कप्तान राहूल कुमार लोढा ने बताया कि बालाजी होटल के संचालक जीतेन्द्र पिता रामरतन राठौड उम्र 42 साल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जन्माष्मी के दिन वह घर के बाहर खडा था, तभी मनोज वर्मा और उसका साथी पाटिल नामक दो व्यक्ति आए और बोले कि तुझे बॉस (सुधाकर मराठा) ने बुलाया है। जब जीतेन्द्र ने जाने से इंकार कर दिया तो उक्त दोनो व्यक्ति उसे जबर्दस्ती कार में बैठाकर सुनील दुबे के डाट की पुल रोड स्थित घर पर ले गए। सुनील दुबे के घर की तीसरी मंजिल पर सुधाकर राव मराठा, सुनिल दुबे, रवि डफरिया व सन्नी शिवानी बैठे थे। वहां पर सुधाकर राव मराठा ने जीतेन्द्र को मां बहन की नंगी- नंगी गालिया देते हुए बोला कि चंदु शिवानी, रवि डफरिया, सन्नी शिवानी से जो केस चल रहा है, उसको वापस ले लेना तथा मुझे सेटलमेंट के 25 लाख रुपये मेरे पास सुनिल दुबे के माध्यम से भिजवा देना नही तो मैं तुझे जान से खत्म कर दूंगा। मैने 14-15 मर्डर कर रखे है, तुझे 15-20 दिन की मोहलत देता हुं, रकम का इंतजाम कर लेना। जीतेन्द्र ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके बाद लगातार सुनिल दुबे मुझे मोबाईल कॉल कर धमका रहा है और मेरे परिवार व काम धंधो को नष्ट करने की धमकी दे रहा है।

### कर्ज लौटाने के बाद भी फिरौती की मांग...

जीतेन्द्र ने पुलिस को बताया कि उसने वर्ष 2014 में चंदु शिवानी निवासी शास्त्रीनगर रतलाम से हुंडी ब्याज पर रुपये उधार लिये थे। जिसके बदले में वह 2019 तक दो करोड रुपये ब्याज सहित वापस दे चुका है। उसके बाद भी चंदु शिवानी ने जीतेन्द्र को डरा धमका कर मुझसे एक कोरे स्टाम्प पर हस्ताक्षर करवा लिये थे और उस पर 01 करोड 67 लाख रुपये नगद लेन- देन की लिखा पढी कर ली। इतना ही नहीं चंदू शिवानी ने 06 करोड 96 लाख रुपये में बालाजी होटल खरीदने का फर्जी स्टाम्प भी तैयार कर लिया। जिसका सिविल मामला रतलाम न्यायालय में चल रहा है, जिसकी तारीख 06.09.2024 को तारीख लगी थी। इसी न्यायालयीन प्रकरण को समाप्त करवाने के लिए चंदू शिवानी ने सुनील दुबे और अन्य आरोपियों के साथ मिलकर उसे धमकाया और अपहरण भी करवाया।

पुलिस ने जीतेन्द्र की रिपोर्ट पर से सात आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 127(2), 119(1), 140(3), 296, 351(2), 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया। मामले मे पुलिस ने सुनिल पिता मनोहरलाल दुबे उम्र 64 साल निवासी दौ बत्ती नई दुनिया प्रेस कार्यालय के उपरी मंजील डाट की पुलिया रतलाम, मनोज पिता बद्रीलाल वर्मा उम्र 32 साल नि.सुभाष नगर हाट की चौकी थाना डीडीनगर रतलाम, नटवर उर्फ पाटील पिता अशोक मेवाडा उम्र 27 साल नि. कुछबंदिया हाट की चौकी थाना डीडीनगर रतलाम, सन्नी पिता चंदु शिवानी उम्र 38 साल नि.शास्त्री नगर थाना स्टेशन रोड रतलाम, चंदु पिता टिल्लुलाल शिवानी उम्र 64 साल नि.शास्त्री नगर थाना स्टेशन रोड रतलाम, रवि पिता वर्धमान डफरिया उम्र 71 साल नि.रामबाग कालोनी थाना स्टेशन रोड रतलाम को गिरफ्तार कर लिया हैं। जबकि, सुधाकर राव मराठा की तलाश जारी हैं।



### नहीं मिली जमानत, जैल गए आरोपी...

पुलिस ने गिरफ्तार किये गए सभी आरोपियों को शनिवार शाम को न्यायालय में पेश किया। आरोपियों ने जमानत लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, परन्तु फरियादी जितेंद्र राठोड की और से अभिभाषक नीलेश शर्मा ने आरोपियों के जमानत आवेदन पर आपत्ति पेश की थी। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी आकांक्षा गुप्ता ने मामले पर फ़िलहाल कोई निर्णय नहीं लेते हुए प्रकरण को विचार हेतु रखा है। ऐसी स्थिति में सभी आरोपियों को जैल भेज दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी।

**मामला गर्भवती महिला का गलत इलाज करने का...**

# डाक्टर के क्लीनिक को सील करने के बाद प्रकरण दर्ज

**सीतामऊ, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर में एक गर्भवती महिला द्वारा गलत इलाज और अभद्रता की शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग जांच के लिए डॉ अनिल बरडिया के क्लीनिक पर पहुंचा था। लेकिन, इससे पहले ही चिकित्सक क्लीनिक से निकल गए, जिसके बाद जांच दल ने क्लिनिक को सील किया और शनिवार को चिकित्सक के विरूद्व पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

महिला ने कलेक्टर को जनसुनवाई में शिकायत करते हुए बताया था कि डॉ अनिल बरडिया द्वारा गर्भावस्था के दौरान उनका गलत इलाज किया गया और बाद में उनको इलाज करने से मना कर इलाज से सम्बंधित सभी दस्तावेज एवं जांचे फाड़ कर फेक दी गई। महिला ने आरोप लगाया था की उनके परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार और गाली गलौच किया गया।

शिकायत के बाद मामले मे एसडीएम शिवानी गर्ग द्वारा टीम गठित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। बता दें की शुक्रवार को तहसीलदार पंकज गंगवार, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर वीके सुराहा, मेडिकल आफिसर अर्जुन अटोलिया सहित पुलिस बल सीतामऊ नगर में संचालित बरडिया क्लीनिक पर पहुचे थे। लेकिन, कार्यवाही की भनक लगते ही डॉक्टर सहित वहां कार्यरत कर्मचारी कमरों को ताले लगाकर गायब हो गए, जिसके बाद जांच दल द्वारा कमरों के ताले तोड़कर अंदर रखी दवाइयां सहित डॉक्टर द्वारा लिखी गई पर्चियां ओर अन्य दस्तावेज जप्त किये गए। इससे पहले



स्वास्थ विभाग के अधिकारियों द्वारा डॉक्टर के परिजनों से लगातार आग्रह किया गया की वह कमरों के लगे तालों को खोल दे, ताकी विधिवत कार्यवाही की जा सके। लेकिन, परिजन लगातार चाबी नही होने की बात कहते रहे। उंसके बाद विभागीय अधिकारियों द्वारा ताला तोडकर सामग्री जप्त की गई ओर कुछ अन्य कमरो पर सीलबंद ताले लगाए गए, ताकी अंदर रखे समान में कोई हेरफेर नही की जा सके। डॉ वीके सुराहा के अनुसार डॉ अनिल.. **शेष पेज 4 पर**

# रतलाम के पास मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, हादसे में 3 की मौत, 20 घायल



**रतलाम, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के रावटी थाना क्षेत्र के धोलावाड़ घाट के पास मजदूरों से भरी पिकअप असंतुलित होकर सड़क से नीचे उतरकर खाई में जा पलटी। इससे पिकअप में सवार एक किशोर सहित तीन मजदूरों की मौत हो गई। हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को रावटी के सरकारी अस्पताल और रतलाम के बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद पिकअप वाहन का चालक मौके से भाग गया।

### अचानक रिवर्स हो गया वाहन...

घायलों के अनुसार रावटी थाना क्षेत्र की खेड़ी खुर्द पंचायत के गांव में रहने वाले मजदूर शनिवार सुबह पिकअप वाहन में सवार होकर मजदूरी करने के लिए अन्य स्थानों पर जा रहे थे। धोलावाड़ घाट पर सवारी अधिक होने से वाहन लोड नहीं ले पाया। इस दौरान वह अचानक रिवर्स होकर सड़क किनारे उतरकर खाई में जा गिरा।

### घायलों को रावटी और रतलाम अस्पताल में भर्ती करवाया...

दुर्घटना के बाद मजदूरों की चीख पुकार गूंज उठी। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को निकालने में मदद की। कुछ देर बाद पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। घायलों को निकालकर रावटी और रतलाम के सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। दो मृतकों के शव रावटी व एक का शव बड़े अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका पोस्टमार्टम किया गया।

### मृतकों में एक 15 साल का किशोर भी...

मृतकों के नाम ग्राम हलदुपाडा निवासी 15 वर्षीय अजय पिता सुखराम खराडी, ग्राम जुलवानिया निवासी 50 वर्षीय नानी बाई पति विजय और ग्राम हल्दुपाड़ा निवासी 50 वर्षीय लीलाबाई पति गौतम मुनिया बताए गए है। सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल भी पहुंचे और घायलों के बेहतर उपचार की व्यवस्था करने के डॉक्टरो को निर्देश दिए।

## दुर्घटना के 4 माह बाद प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना के 4 माह बाद बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। बेटीखेडी निवासी सीमा पति महेश जाट ने शिकायत दर्ज कराई कि 6 मई 2024 को रात्रि में रुपनी व बेखेडी के बीच बाइक (एमपी 14 जेडी 0522) के चालक ने मेरे पति महेश को टक्कर मार दी थी। जिन्हें मंदसौर में उपचार के बाद दाहोद में इलाज कराया। जिनकी हालत स्थिर है। पुलिस ने बाइक चालक पर केस दर्ज किया।

**पांचवीं-आठवीं के विद्यार्थी परेशान...**

# नहीं मिली अंकसूची, बच्चे कर रहे इंतजार

**भोपाल/मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर सहित प्रदेश में पांचवी-आठवीं की परीक्षा में शामिल हुए लाखों विद्यार्थियो को ढाई महीने से भी ज्यादा समय गुजर जाने के बाद भी उनकी अंकसूची नहीं मिली है। इस बार बोर्ड पैटर्न पर इन दोनों कक्षाओं की परीक्षा राज्य शिक्षा केंद्र ने आयोजित की थी। इनका परीक्षा परिणाम भी जून में घोषित कर दिया गया था।

दरअसल, राज्य शिक्षा केंद्र ने पिछले अनुभव से सबक लेते हुए इस बार नंबर चढ़ाकर प्रिंटेड अंकसूची स्कूलों में पहुंचाने का निर्णय लिया। पिछली बार अंकसूची का फॉर्मेट भेजा गया था। इसमें स्कूलों को विद्यार्थियों के नंबर चढ़ाने थे। अंकसूची पर नंबर चढ़ाने में स्कूलों ने काफी गलती की थी। घोषित किए गए ऑनलाइन रिजल्ट और अंकसूची में चढ़ाए नंबरों में अंतर होने पर काफी हंगामा हुआ था। इसे सुधारने में ही काफी समय लग गया था। इधर, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों का दावा है कि राज्य शिक्षा केंद्र इस महीने के अंत तक अंकसूची स्कूलों को भेज दी जाएगी। स्कूल संबंधित विद्यार्थियों को उनकी मार्कशीट दे देंगे। इसमें स्कूल की सील लगी रहेगी।

अभिभावकों के मुताबिक पांचवीं-आठवीं की अंकसूची की जरूरत लाड़ली लक्ष्मी योजना के लिए पड़ती है। इसमें प्रमाण के तौर पर मार्कशीट का उपयोग किया जाता है कि छात्रा छठवीं कक्षा में प्रवेश कर चुकी है। यही नहीं, नवोदय विद्यालय में प्रवेश व साइंस ओलंपियाड सहित अन्य प्रतियोगिताओं आदि में भी पांचवीं-आठवीं की मार्कशीट का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा किसी अन्य स्कूल में प्रवेश के लिए भी मार्कशीट की जरूरत पड़ती है। अब अभिभावक स्कूलों में मार्कशीट के लिए चक्कर काट रहे हैं। वर्तमान में केवल स्टेटमेंट ऑफ मार्क्स ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इधर, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को अब तक अंकसूची नहीं मिली है।

### स्कॉलरशिप में आती है समस्या...

विभिन्न तरह की स्कॉलरशिप का लाभ लेने के लिए अंकसूचीकी जरूरत होती है। सबसे ज्यादा समस्या तब होती है, जब स्टूडेंट स्कूल बदलता है। यह सवाल भी उठाए जा रहे हैं कि जब बोर्ड पैटर्न पर परीक्षा हुई थी तो अंकसूची देने में इतनी देर क्यों हो रही है।

**इनका कहना**–राज्य शिक्षा केंद्र इस महीने के अंत तक सभी स्कूलों में अंकसूचीभेज देगा। पिछली बार फॉर्मेट भेजा गया था, जिसमें कई स्कूलों ने गलत नंबर चढ़ा दिए थे। अब ऐसा न हो इसलिए व्यवस्था बदली है।

**आर.उमा माहेश्वरी, अपर मिशन संचालक , राज्य शिक्षा केंद्र**

# सन्यासी व्यक्ति किसी को कष्ट नहीं देता, मोह माया नहीं रखता-स्वामी सरस्वती

**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में चल रहा है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।



शनिवार को धर्मसभा में स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने सन्यासी जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि शास्त्रों में भगवान कहते हैं कि किसी भी व्यक्ति को विचार करके सन्यास लेना चाहिए क्योंकि यह पथ आसान नहीं होता है। शास्त्रों के अनुसार सन्यासी को आदर्श आचार संहिता का पालन करना होता है। इसमें बताया गया है कि सन्यासी व्यक्ति को सबसे पहले मोह माया और सांसारिक जीवन से लगाव को त्यागना होता है तभी वह सन्यासी जीवन के निर्वहन कर पायेंगा। शास्त्र बताते है कि महात्मा व्यक्ति को हिंसक नहीं होना चाहिए। चलते समय भी ध्यान रखना चाहिए कि हमसे किसी जीव को कष्ट न पहुंच जायें। शुद्ध पानी का सेवा करना चाहिए पीने के पानी को छानकर उपयोग करना चाहिए। सदैव सत्य बोलना चाहिए, चाहे सत्य बोलने से प्राण चलें जायें या किसी को बुरा लगे तभी सन्यासी व्यक्ति को सत्य ही बोलना चाहिए। कोई भी कार्य करने से पहले यह विचार करो कीं इस कार्य से किसी अन्य को कष्ट तो नहीं पहुंच रहा है यदि ऐसा हो रहा है तो वह कार्य मत करो। आप ने बताया कि यह सब बातें सन्यासी के लिए है लेकिन सांसारिक व्यक्ति को भी इन बातों का ध्यान रखना चाहिए। आपने बताया कि कोई भी व्यक्ति हाथ में दण्ड लेने से सन्यासी नहीं बन जाता उसे वाणी, शरीर और मन को दण्ड देना पडता है तब जाकर कोई सन्यासी बनता है। कार्यक्रम के अंत में भगवान की आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी, प्रहलाद काबरा, इंजि. आर सी पाण्डेय, मदनलाल गेहलोत, पं जगदीश गर्ग, पं शिवनारायण शर्मा, नीलमचंद भावसार, घनश्याम भावसार, राधेश्याम गर्ग, भगवतीलाल पिलौदिया, डॉ प्रमोद कुमार गुप्ता, राजेश देवडा, प्रवीण देवडा सहित बडी संख्या में महिलाएं पुरूष उपस्थित थे।

## दो पक्षों में मारपीट, 7 पर क्रास प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों पर क्रास केस दर्ज किया। चंगेरी फन्टा निवासी शालू पति जितेन्द्र चोहान ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि प्रात: पडोस की रहने वाली शानाबाई पति अनिल बाछडा, लक्ष्मीबाई पति सिकन्द बाछडा, अंशुल पिता सिकन्दर, व सिकन्दर पिता रतनलाल ने कहा कि तुमने रात में हमारी मां लक्ष्मीबाई के साथ मारपीट की। यह आरोप लगाकर गाली-गलौज की व लकडी से मारपीट की। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया। इसी तरह लक्ष्मीबाई पति सिंकदर बाछडा की रिपोर्ट पर पुलिस ने शालू पिता गुमान बाछडा, प्रीति पिता गुंमान, दिव्या पति करण के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# 16 मुद्दों को लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी आर.सागर 10 से करेंगे आमरन अनशन

**20 दिन पहले प्रशासन को दिया था अल्टीमेटम, जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर किया था धरना प्रदर्शन**

**मनासा, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र में निजी कंपनीयो द्वारा आदीवासी किसानो की जमीने नियम के विपरित खरीदने एंव प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली सहित जनहित से जुडे 16 मुद्दो को लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी आर. सागर कछावा 10 सितंबर से आमरण अनशन करेंगे। कछावा ने 16 मुद्दो को लेकर 20 दिन पहले शासन प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर प्रशासन को समस्यांओ के हल के लिए 15 दिन का अल्टीमेंटम दिया था। 15 दिन बाद भी प्रशासन ने एक भी समस्यां पर कार्रवाई नही की और नही कोई हल किया इसको लेकर वे आमरन अनशन पर बैठेगे।



इस मामले में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी आर. सागर कछावा ने बताया कि मैंने जनहित से जुडी समस्यां और मुद्दो को लेकर 20 दिन पहले किसानो और आमजन के साथ में जनपद पंचायत के सामने धरना प्रदर्शन कर प्रशासन को समस्यां के हल के लिए 15 दिन का समय दिया था। समस्यां हल नही होने पर आमरन अनशन करने का अल्टीमेटम सैकडो किसानो की मौजुदगी में दिया था। प्रशासन और सरकार के जवाबदारो की लापरवाही के चलते गरीब आदीवासी, किसान और आमजन के साथ न्याय हो इसको लेकर 10 सितंबर से जनपद पंचायत के सामने आमरन अनशन करने का निर्णय लिया है। जिसकी सूचना प्रशासन और पुलिस को लिखित में की गई। जिनल 16 मुद्दो को लेकर आमरन अनशन किया जा रहा है। उनमें प्रमुख रूप से स्मार्ट मीटर को बंद कर अनाप शनाप दिए गए बिजली बिल निरस्त किए जाएं। किसानो को सोयाबीन की उपज का 6 हजार समर्थन मुल्य तय किया जाएं। साथ ही मौजुदा समय में सोयाबीन की फसल मे अफलन की स्थिति होने के कारण सर्वे कर मुआवजा दिया जाएं। सरकारी जमीन पर बरसो से खेती कर परिवार को दो जून की रोटी की जुगाड करने वाले परिवारो को जमीन से बेदखल नही किया जाएं। वन विभाग की जमीन पर कई सालो से खेती कर रहे है ऐसे किसानो को वन विभाग नए पुराने नक्शे के नाम पर परेशान कर रहा है। ऐसे किसानो को जहां पर वे काबिज है वही रहने दिया जाएं। चिता प्राजेक्ट के क्षेत्रफल को कम किया जाएं और किसानो की गायो की अकाल मौत हो रही उनकी जांच की जाएं। मनासा क्षेत्र में निजी कंपनीयों द्वारा आदीवासी किसानो की जमीने छिनने का काम बलपूर्वक किया गया। उन किसानो के साथ न्याय किया जाएं। 20 सुत्रीय कार्यक्रम के तहत: आवंटित किए गए पटटे बहाल करे और जो निरस्त नही उन्हे भूमि स्वामित्व का अधिकार दिया जाएं। खिमला गांव में बिजली प्रोजेक्ट के नाम पर किसानो की जमीन कलेक्टर ने कंपनीयों से सांठगांठ कर नियम विरूद्व क्रय की गई। विक्रय भुमि आदेश निरस्त कर आदीवासी किसानो के साथ न्याय किया जाए। पटवारीयो द्वारा किसानो के साथ में नक्शा बटाकंन के नाम पर खुली लुट की जा रही है जिसे बंद किया जाएं। निजी कंपनी ने जिन किसानो की जमीने कोडीयों के भाव खरीदी है उन परिवारो के एक सदस्य को स्थाई नौकरी कंपनी द्वारा दी जाएं। खिमला ब्लाक में आबादी क्षेत्र के सर्वे नंबर को निरस्त कर ग्रीन को कंपनी को आवंटित कर दिया जिसे निरस्त कर ग्रामीणो को दिया जाएं। सहित अन्य मुद्दे शामिल है।

# नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए बैठक सम्पन्न



**नीमच, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार नीमच जिले में 14 सितम्बर, 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न् विभागों के बकाया राशि वसूली के प्रीलिटिगेशन स्तर के प्रकरणों का भी अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किया जावेगा।इसकेलिए शुक्रवार को विषेश न्यायाधीश /कोर्डिनेटर श्री आलोक कुमार सक्सेना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीमती नज़मा बेगम द्वारा जिला वनमण्डलाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन विभाग से संबंधित प्रीलिटिगेशन स्तर के अधिक से अधिक संख्या में प्रकरण निराकरण के लिए लोक अदालत मं रखने तथा संबंधित पक्षकारों को शीघ्र सूचना-पत्र प्रेषित करने और प्रकरणों के निराकरण में नियमानुसार छूट देने के संबंध में अपने उच्च विभाग से सम्पर्क कर अधिक से अधिक संख्या में राशि वसूली के प्रकरणों का निराकरण करवाने का प्रयास करने के निर्देश दिए गये है। साथ ही दी जाने वाली छूट के संबंध में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री हर्षित बिसेन एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 14 सितम्बर 2024(शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय-नीमच सहित तहसील मुख्यालयों-मनासा, जावद एवं रामपुरा में भी किया जा रहा है।

# डॉ. राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रुप में मनाया



**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ.पी.एल.पाटीदार ने बताया कि महाविद्यालय में डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस कोशिक्षक दिवस के रूप मेंसमारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के सभी शिक्षकों का पुष्पगुच्छ देकरसम्मान किया गया। इस अवसर पर शिक्षा -संवादकेअंतर्गत छात्रा प्रियांशी खमेसरा, सना अनसारी, भूमिका पाटीदार, लवली धाकड, अक्षिता तिवारी एवं रविना कुंवर ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

डॉ. पाटीदार ने अपने व्यक्तव्य में श्री राधाकृष्णनन के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा किया इतिहास के उस गौरव मय क्षणका स्मरण कराता है कि वे एक शिक्षक होकर राष्ट्र के सर्वोपरि राष्ट्रपति पद पर आसीन हुऐं उन्होंने दर्शन शास्त्र के प्राध्यापक होने के नाते भारतीय ज्ञान परम्परा एवं दर्शन को विश्व में प्रतिस्थापित कियों उनके जीवन से प्रेरणा लेकर छात्राएं अपने जीवन को उत्कृष्ट बनायें। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी डॉ. राजश्री ठाकुर ने छात्राओं को अपने संबोधन में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही हर परिस्थिति में प्रसन्न रहकर उसका सामना करने की सलाह दी। डॉ. अंजलि जैन ने कहा कि, हमारे प्रथम गुरु हमारे माता पिता होते हैं। जीवनमें हमेशा माता-पिता और गुरु का सम्मान करें। इससे पूर्व कार्यक्रम काशुभारम्भा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र को माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीपिका कश्यप ने किया और आभार के अंजलि तिवारी ने किया।

# लाड़ली बहना योजना से बच्चों की पढ़ाई एवं घर खर्च में मिल रही है बहनों को मदद

**नीमच, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यममंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत हर माह मिल रही 1250/- रूपये की राशि से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं परिवार का घर खर्च चलाने में मदद मिल रही है। यह कहना है नीमच जिले के विकासखंड मुख्यालय जावद निवासी लाड़ली बहना श्रीमती सोनू राठोड़ का। सोनू राठोड़ इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त कर रही है। इसी तरह जावद निवासी राधिका कुमावत ने भी लाड़ली बहना योजना के तहत् मिली राशि से बच्चों की स्कूल फीस जमा करवाई है। वह मुख्यमंत्री जी को इसके लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त कर रही है।

**जिले की 1.60 लाख लाड़ली बहनों लाभान्वित**-जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री टी.सी. मेहरा ने बताया, कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत अब तक जिले की 1 लाख 60 हजार 828 बहनों को कुल 283 करोड़ 93 लाख का लाभ उनके खातों में अंतरित किया जा चुका है। सितम्बर माह में जिले की लाड़ली बहनों को 19 करोड़ 51 लाख रूपये की राशि मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लीक के माध्यम से अंतरित की जावेगी।

# जनसुनवाई में प्रजापति की शिकायत के 21 बिंदुओं को जांच समिति ने पाया निराधार एवं असत्य

**प्रशासन ने कांकरिया तलाई में 0.650 हेक्टेंयर भूमि पर से हटाया अवैध अतिक्रमण**



**नीमच, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के ग्राम कांकरिया तलाई के शिकायतकर्ता श्री मुकेश प्रजापति से गत 3 सितम्बर को जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत की तीन सदस्यीय समिति द्वारा मौके पर जाकर जांच की गई। जांच में शिकायत के 22 बिंदुओं में से 21 बिंदु पर शिकायत निराधार एवं असत्य पाई गई हैं। जिन निर्माण कार्यो में अनियमितता की शिकायत की गई थी, वे सभी निर्माण कार्य मौके पर होना समिति व्दारा पाये गये हैं। शिकायतकर्ता मुकेश द्वारा पूर्व सरपंच पति श्री गोविन्दराम द्वारा अतिक्रमण करने की शिकायत सही पाये जाने पर प्रशासन व्दारा मौके पर 0.650 हेक्टेयर भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटा दिया गया है। इस तरह आवेदक मुकेश प्रजापति की शिकायत का निराकरण प्रशासन द्वारा कर दिया गया है। जनसुनवाई में प्राप्त उक्त शिकायत पर अब कोई भी कार्यवाही शेष नहीं रही है। यह जानकारी कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित पत्रकारवार्ता में पत्रकारगणों से चर्चा करते हुए दी। इस मौके पर एसडीएम जावद श्री राजेश शाह, अतिरिक्त सीईओ श्री अरविंद डामोर एवं पत्रकारगण तथा मीडिया के साथीगण उपस्थित थे।

# अभा नायक समाज संगठन द्वारा वाहन रैली 12 को



**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री श्री 1008 पाबूजी राठौड के जन्मोत्सव पर अखिल भारतीय नायक समाज संगठन मंदसौर के तत्वाधान में विशाल वाहन रैली का आयोजन दिनांक 12 सितंबर 2024 गुरुवार को समय प्रात: 9:00 बजे से स्थान गांव बादरी चौपाटी से प्रारम्भ होकर मंदसौर पशुपतिनाथ मंदिर धर्मशाला पर समापन होगी। वाहन रैली के समापन पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था पशुपतिनाथ मंदिर धर्मशाला मंदसौर में ही रखी गई है। इस विशाल वाहन रैली में रतलाम, मंदसौर, नीमच, और प्रतापगढ सहित चार जिलों से नायक समाज के प्रतिभागी शामिल होंगे! इस वाहन रैली के द्वारा नायक समाज के कुल देवता श्री श्री 1008 पाबूजी राठौड़ का जन्म दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा नायक समाज के सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से अखिल भारतीय नायक समाज संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर सम्पर्क कर अधिक से अधिक संख्या में नायक समाज के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहे इस हेतु विशाल वाहन रैली में निमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, पांच की मौत, कई लोग गंभीर घायल

**इंफाल, 7 सितम्बर।** मणिपुर में हालात फिर से बिगड़ने लगे हैं। शनिवार को जिरीबाम जिले में हिंसा हुई जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई गंभीर रूप से घायल हो गए। हथियारबंद लोगों ने कुकी समुदाय पर हमला किया और जवाबी कार्रवाई में जमकर फायरिंग हुई और पांच लोग मारे गए। हिंसा की ताजा घटना दक्षिणी असम से सटे जिरीबाम जिले के सेरौ, मोलजोल, रशीदपुर और नुंगचप्पी गांवों में हुई। सुरक्षाबलों ने चुराचांदपुर जिले के मुआलसांग गांव में दो बंकर और चुराचांदपुर के लाइका मुआलसौ गांव में एक बंकर नष्ट किए हैं। उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले के दो स्थानों पर नागरिक आबादी में रॉकेट दागे थे, जिनमें से एक वरिष्ठ नागरिक की मौत हो गई और छह अन्य नागरिक घायल हो गए। इसके बाद पुलिस टीमों और अतिरिक्त सुरक्षा बलों ने आसपास की पहाडियों में तलाशी अभियान चलाया। इससे पहले मणिपुर के बिष्णुपुर और इंफाल पूर्वी जिले के इलाकों में लोगों ने कई ड्रोन देखे जाने के बाद अपनी घरों की लाइट बंद कर दी। बता दें कि हाल में ही इंफाल पश्चिम जिले में दो स्थानों पर लोगों पर बम गिराने के लिए ड्रोन का प्रयोग किया गया था।

# किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष के पदों के साक्षात्कार कल से प्रारंभ

**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पदों के लिए पात्र अभ्यार्थियों के साक्षात्कार 9 सितंबर 2024 से प्रारंभ हो रहे हैं। साक्षात्कार के दिन समस्त सुसंगत दस्तावेजों का सत्यापन संचालनालय में ही किया जायेगा। बोर्ड ने अभ्यर्थियों को अगाह किया है कि यदि अनाधिकृत व्यक्ति, कार्यालय/संस्था द्वारा संपर्क किया जाता है तो किसी प्रकार की प्रतिक्रिया ना दे एवं उन्हें किसी भी प्रकार के दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए। पात्र अभ्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए सूचना पत्र जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से ही प्रदाय किए जा रहे हैं।

# विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर नि:शुल्क शिविर का आयोजन कल

**नीमच, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सिविल सर्जन डॉ. महेन्द्र पाटिल ने बताया, कि विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर जिला चिकित्सालय नीमच में नि:शुल्क फिजियोथेरेपी शिविर 9 सितंबर 2024 को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। विदित है, कि जिला चिकित्सालय नीमच में फिजियोथेरेपी विभाग 2 साल से निरंतर संचालित होकर फिजियोथैरेपी प्रभारी डॉ. हुसैन एवं डॉ मेघा प्रतिदिन लगभग 50 मरीजों को सेवाएं प्रदान कर रहे है। फिजियोथेरेपी चिकित्सा युनिट की मशीनों एवं कसरत से विभिन्न प्रकार की बीमारियों जैसे घुटनों, कमर, कंधे का दर्द, हाथ एवं पैरो में सुन्नपन, लकवा, मांसपेशियों का खिंचाव, चेहरे का लकवा, बच्चो के विकास में देरी, क्लब फुट आदि का इलाज किया जाता है। शिविर में जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम द्वारा सभी मरीजों की नि:शुल्क जॉच, परामर्श एवं उपचार कर दवाई वितरण किया जाएगा। शिविर में आने वाले पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड एवं हेल्थ आई.डी.भी बनाई जाएगी।

दिनांक 08 सितम्बर 2024
अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ
भोगी और कामी व्यक्ति...



* व्यक्ति की जन्मकुंडली में समस्त भोगों का कारक शुक्र ग्रह होता हैं इस स्थिति में कहा गया हैं कि किसी जातक की जन्मकुंडली में शुक्र यदि बहुत खराब हो तो भी वह जातक बहुत अधिक भोग विलास की इच्छा रखने वाला होगा तथा बहुत शुभ हो तो भी वह जातक बहुत अधिक भोगी और कामी होगा।
जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम 10 को

**नीमच, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत, विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर 10 सितंबर 2024, को रेडक्रॉसहॉल नीमच में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मनोरोग विभाग, जिला चिकित्सालय नीमच द्वारा आत्महत्या रोकथाम विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता रखी गई है। जिसमे 15 वर्ष से बड़े सभी स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राए भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों को घर से ही पोस्टर बना कर लाना है। पंजीयन रेडक्रॉस हॉल में 10 सितम्बंर को प्रात: 9 बजे तक कराना अनिवार्य होगा। प्रात: 9.30बजे के पश्चात पंजीयन नहीं किये जावेंगे। पोस्टर प्रतियोगिता के बाद आत्महत्या रोकथाम कार्यक्रम-गेटकीपर्स पर चर्चा की जायेगी, तत्पश्चात् पुरस्कार वितरण किया जावेगा।

# पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश के लिये कल तक करें आवेदन

**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शिवशंकर शर्मा शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य द्वारा बताया गया कि पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश हेतु संस्था स्तर की कांउसलिंग (सीएलसी) की आनलाईन रजिस्ट्रेशन कराने की तिथि 9 सितंबर को रात्रि 10 बजे तक आनलाईन आवेदन कर सकते है। महाविद्यालय में संचालित कम्प्युटर साईस इंजी, इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड टेलीकम्प्युनिकेशन इंजी, मैकेनिकल इंजीएवं इलेक्ट्रिकल इंजी. ब्रांच में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विज्ञान, गणित विषय के विद्यार्थियों को मेरिट के आधार पर रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। महाविद्यालय में प्रवेश 10 सितंबर को प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक उपस्थित विद्यार्थियों को दिये जावेगें। विद्यार्थी मूल दस्तावेज की दो फोटो प्रतिलिपि, पासपोर्ट साईज फोटो एवं निर्धारित फीस के साथ उपस्थित रहे। अधिक जानकारी के लिये शिवशंकर शर्मा शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

## 25 साल बाद पाक ने स्वीकारा....

# कारगिल जंग में शामिल थी पाकिस्तानी सेना

**नई दिल्ली, 7 सितम्बर।** कारगिल जंग में हार के 25 साल बाद पाकिस्तान ने सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है कि युद्ध में उसकी भूमिका थी। रक्षा दिवस पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने सच स्वीकार किया है। एक भाषण में उन्होंने कहा कि 1948, 1965, 1971 और कारगिल व सियाचिन जंग में पाकिस्तान के कई जवानों ने बलिदान दिया है।

ऐसा पहली बार है जब पाकिस्तान ने स्पष्ट तौर पर स्वीकार किया है कि कारगिल में उसके काफी सैनिक मारे गए थे। इससे पहले पाकिस्तान जंग में अपनी सेना की सीधी तौर पर मौजूदगी को लेकर बचता रहा है। लेकिन दुनिया को पता है कि उसके फौजियों ने भारत के खिलाफ साजिश रची थी। लेकिन वे अपने मंसूबों में नाकाम साबित हुए थे।

**4 जनरलों के समूह ने की थी प्लानिंग**-जंग के समय ही इस्लामाबाद ने कहा था कि उसकी कोई सैन्य भागीदारी नहीं है। उसने घुसपैठियों को स्वतंत्रता सेनानी या मुजाहिदीन कहा था। पाकिस्तान ने उस समय दावा किया था कि उसकी सेना सिर्फ गश्त पर थी। कबीलाई नेताओं ने ही उंची चोटियों पर कब्जा किया था। पाकिस्तान में भारत के पूर्व उच्चायुक्त रहे अजय बिसारिया भी इसे पाकिस्तान और जनरल परवेज मुशर्रफ की मूर्खता बता चुके हैं। जिससे पाकिस्तान को कुछ हासिल नहीं हुआ था। अजय के अनुसार पूरी प्लानिंग 4 जनरलों के समूह की थी। 1999 में कारगिल की चोटियों पर दुश्मन ने घुसपैठ की थी। भीषण गर्मी में कारगिल ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया था। भारत और पाकिस्तान के बीच एलओसी पर भीषण जंग छिड़ी थी। उस समय भारत के पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने बस से लाहौर की यात्रा की थी। दुनिया को शांति का संदेश दिया था। लेकिन दावा किया जाता है कि तत्कालीन जनरल परवेज मुशर्रफ ने भारत के खिलाफ साजिश रची थी। जिसके बारे में तत्कालीन पाकिस्तानी पीएम नवाज शरीफ को भी नहीं पता था। हालांकि कारगिल की जंग के बाद नवाज का तख्तापलट मुशर्रफ ने कर दिया था। पाकिस्तान में सैन्य शासन लागू हुआ था।

**भारत के 527 जवानों ने दी थी शहादत**-कारगिल में भारत के 527 जवानों ने अपनी शहादत दी थी। हालांकि पाकिस्तान तो जंग में अपनी सेना की भूमिका से ही इनकार कर चुका है। उसके कितने जवान मारे गए थे? इस बारे में कोई आंकड़ा नहीं मिला है। लेकिन रक्षा सूत्र बताते हैं पाकिस्तान के 2700 से 4000 जवान उस जंग में मारे गए थे। कारगिल युद्ध के बाद उसकी पूरी दुनिया में किरकिरी हुई थी। अब पाकिस्तान ने स्पष्टतौर पर जंग में अपनी भूमिका स्वीकार कर ली है।

# घर-घर जाकर बीएलओ करेंगे मतदाताओं का सत्यापन

**नीमच, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मतदाता सूची में महिलाओं का नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जावेगा। यह निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने गत दिवस मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को वर्चुअल बैठक में दिए।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के काम को सभी अधिकारी-कर्मचारी गंभीरता से लें। प्रदेश में अब एक जनवरी 2025 की स्थिति में मतदाता सूची तैयार होगी। इसके लिए बूथ लेवल आफिसर घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम सूची में जोड़ेंगे। महिलाओं के नाम सूची में शामिल करने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। मतदाता सूची के साथ-साथ मतदान केंद्रों का भी भौतिक सत्यापन किया जाएगा और नए केंद्र बनाने के प्रस्ताव भेजे जाएं। बूथ लेवल आफिसर अनिवार्य रूप से मतदाताओं के घर- घर जाकर सत्यापन करें और प्रतिदिन की प्रगति की रिपोर्ट भी दें। सूची में ऐसे किसी भी व्यक्ति का नाम न हो, जिसकी मृत्यु हो गई हो। एक से अधिक स्थान पर दर्ज नाम को हटाने के साथ मतदाता परिचय पत्र की त्रुटियों में भी संशोधन की कार्रवाई की जाए। मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें और जो केंद्र जर्जर भवन में हैं, उनके स्थान पर नए केंद्र बनाने का प्रस्ताव भेजें। एक परिवार के सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर हो और 1,500 से अधिक मतदाता न हों, यह भी सुनिश्चित करें। जिन जिलों में महिला मतदाताओं की संख्या5 कम है, वहां विशेष अभियान चलाकर नाम जोड़े जाएं। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा, उष्मा कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत ,सचिव व शासकीय स्कूल में पदस्थ महिला शिक्षकों की मदद लें। पहले से नाम जुड़वाने के लिए कर सकते हैं आवेदन- बैठक में बताया गया कि एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन किया कर सकते है। नए मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से घर पहुंचाया जाएगा।



## तेरह घण्टे बाद चालू हुआ नाहरगढ़-बिल्लोद के बीच शिवना नदी छोटा पुल पर आवागमन

**नाहरगढ़, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** बड़ा पुल बनाने की मांग आमजन व राहगीर कही सालो से करते आ रहे है। नाहरगढ बिल्लोद के बीच आये दिन छोटे पुल के कारण आवागमन बंद हो जाता है। शुक्रवार रात 10 बजे से शनिवार सुबह 11 बजे तक आवागमन बंद रहा है। 13 घण्टे बंद के बाद फिर से आवागमन की शुरुआत हुई।दोनो छोर पर वाहन व यात्रीयो की भीड दिखाई देने लगती है। जनप्रतिनिधिगण व जननेताओ ने वर्षो से चली आ रही आमजन की समस्या पर ध्यान नही दिया है। वाहनो का आवागमन बंद होने से आर्थिक नुकसान के साथ- साथ समय-समय का भी नुकसान हो रहा है।शासन व जिला प्रशासन को आमजन व राहगीर हित की मांग व समस्या पर ध्यान देने की मांग की चौपाल-चौपाल जन चर्चा हो रही है।

### सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई में भक्ति व हर्षोल्लास के साथ...

## विराजित हुए प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश



**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर विद्यालय में स्थित मुक्ताकाश प्रांगण में संपूर्ण वैभव व भव्यता के साथ प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की मूर्ति की स्थापना की गई। 10 दिनों तक चलने वाला गणेशोत्सव पर्व पूर्ण श्रद्धा, भक्ति व विश्वास के साथ ढोल ताशे नगाड़े बजाते हुए भगवान श्री गणेश की मूर्ति विद्यालय के मध्य में स्थित मुक्ताकाश में स्थापित की गई। उपस्थित समस्त श्रद्धालु आचार्य परिवार के हृदय में यही भावना लिए हुए कि आने वाले 10 दिनों तक भगवान श्री गणेश सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान मन्दसौर में सुख, समृद्धि व कृपा बरसाएंगे।आगे आगे ढोल ताशे बजाते हुए, पुष्प वर्षा के साथ गणपति बप्पा मोरिया का जयकारा लगाकर समस्त आचार्य परिवार ने श्री गजानंद महाराज का आत्मीय स्वागत, वंदन किया। तत्पश्चात पूर्ण विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा, सैनिक स्कूल व सीबीएसई की प्राचार्य डॉ सरोज प्रसाद, प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा, उपप्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड़ ने समस्त आचार्य परिवार के साथ मिलकर श्री गणेश भगवान की मूर्ति स्थापित की गई। भगवान श्री गणेश की स्थापना के पश्चात पूजन-अर्चन, वंदन कर श्री गणपति जी की आरती उतारी गई व अंत में महाभोग प्रसादी का वितरण कर समस्त श्रद्धालु आचार्य परिवार ने ने एक दूसरे को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी वह सभी के जीवन में सुख, शांति व सफलता की कामना की।



## रिद्धी सिद्धी के साथ विराजे बसेर चौक के राजा गणेशजी

### महू से मंगाई भव्य प्रतिमा, दस दिनों तक होंगे विशेष आयोजन



**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय बसेर चौक में गणेश की प्रतिमा विराजित करने की परम्परा कई वर्षों पुरानी है। बाल मण्डल से शुरु हुआ महोत्सव अब महादेव मण्डल के रूप में परिवर्तित हो चुका हैं। दस दिवसीय इस गणेश उत्सव के तहत इस वर्ष बसेर चौक के राजा के नाम से मशहूर विशाल गणेश प्रतिमा महू से मंगाई गई है।

गणेश चतुर्थी के दिवस गणेशजी रिद्धी सिद्धी के साथ बसेर चौक में विराजे। इसके गणेशजी की प्रतिमा को ढोल बाजों के साथ बसेर चौक लाया गया। इस चल समारोह में क्षेत्रवासी व भक्तगण वाहनों के साथ नगर में भ्रमण करते हुए बसेर चौक पहुंचे जहां पूर्ण विधि विधान के साथ गणेशजी को स्थापित किया गया। गणेशोत्सव आयोजन समिति के आदित्य बसेर, चिंटू मसानिया, टोनी मसानिया, शेखर, राहुल, सुनील आदि ने बताया कि 20 वर्ष से अधिक समय से यहां पर गणेश उत्सव मनाया जाता है। दस दिवस तक विभिन्न धार्मिक आयोजन होते है। गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में भव्य आरती की जाती है। तथा एक दिन विशेष महाआरती व 151 कि.ग्रा. लड्डू का भोग भी लगाया जाता है। भव्य गणेश प्रतिमा के दर्शन व प्रसादी लाभ हेतु पूरे शहर वासी पधारते है।

## दो पिकअप से 4 गौवंश मुक्त कराए, 6 आरोपी गिरफ्तार



**पिपलियामंडी, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** गौरक्षा दल कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन की मदद से दो पिकअप में भरकर ले जा रहे 4 गौवंश को मुक्त कराया व 6 आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार शनिवार को गौरक्षा दल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष हेमेन्द्रसिंह राठौर (पिपलियामंडी) कृष्णपालसिंह, सचिन नागदा, हर्षराजसिंह आदि ने मल्हारगढ़ पुलिस की मदद से पिकअप (एमपी 09 एलक्यू 7990) को रोका, तलाशी के दौरान 2 गौवंश कूररतापूर्वक भरे होना पाए। पिकअप में सवार पिटाई (बड़वाह, खरगोन) निवासी अशोक पिता रुखडिया टटवारे, शिव पिता मंगतीया चंपाल व दिलीप पिता आनंदराम चौरे को पकड़ा। इसी तरह एक अन्य पिकअप (एमपी 10 जेडसी 3711) से भी दो गौवंश को मुक्त कराया। इसमें सवार बगोद (बलवाड़ा, खरगोन) निवासी गोविन्द पिता बालूराम मालवीय, पप्पू पिता नाना जगदाले, महेश पिता हुकुम कडोले को पकड़ा। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने पशुकूररता अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया। वहीं मुक्त कराए गौवंश को गौशाला भिजवाया।

## गणेश प्रतिमा के जुलूस पर मोचीपुरा में पथराव

### आक्रोशित हिन्दू युवकों ने घेरा स्टेशन रोड़ थाना, चक्काजाम किया

**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** उंकाला क्षेत्र में स्थापित किए जाने वाले गणेश जी की प्रतिमा के जुलूस पर मोचीपुरा क्षेत्र में पथराव किए जाने से आक्रोश फैल गया है। आक्रोशित हिन्दू युवकों की भीड स्टेशन रोड थाने पर जमा हो गई है। थाने के घेराव के साथ ही सड़क पर चक्काजाम कर दिया गया है। आक्रोशित युवकों की मांग है कि दोषी व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल कडी से कडी कार्यवाही की जाना चाहिए। हिन्दू संगठनों के नेता भी स्टेशन रोड थाने पर पंहुच चुके है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, उंकाला क्षेत्र में स्थापित किए जाने वाले गणेश जी की प्रतिमा का जुलूस मोचीपुरा क्षेत्र से निकल रहा था। गणेश जी की प्रतिमा को एक ट्रेक्टर ट्राली में रख कर ले जाया जा रहा था। रात करीब साढे नौ बजे जब गणेश प्रतिमा का जुलूस मोचीपुरा क्षेत्र से निकला उसी समय इस जुलूस पर पथराव कर दिया गया। इस पथराव में कुछ बच्चों के घायल होने की भी बात कही जा रही है। गणेश जी की प्रतिमा को उंकाला के स्थापना स्थल पर पंहुचाए जाने के बाद आक्रोशित युवकों का हुजूम स्टेशन रोड थाने पर पंहुच गया। स्टेशन रोड थाने पर जमकर नारेबाजी की गई। नारेबाजी कर रहे युवकों की मांग थी कि दोषियों के विरुद्ध तत्काल कडी से कडी कार्यवाही की जाए। स्टेशन रोड थाना प्रभारी दिनेश भोजक थाने पर मौजूद है। समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शनकारियों ने स्टेशन रोड थाने के सामने वाली सड़क को जाम कर दिया है। प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठकर नारेबाजी कर रहे है। इस बीच हिन्दू जागरण मंच के नेता राजेश कटारिया, भाजपा नेता निर्मल कटारिया समेत कई नेता भी मौके पर पंहुच गए है। समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी है।सीएसपी अभिनव वारंगे भी मौके पर पंहुच गए है और प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उन्हे शांत करने का प्रयास कर रहे हैं।

## आयुष विभाग द्वारा जिले के 24 स्थान पर शिविर लगाए



**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन एवं संचालनालय आयुष भोपाल के आदेशानुसार जिला प्रशासन एवम् जिला आयुष विभाग मन्दसौर द्वारा जिले के 24 आयुष्मान आरोग्य हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र में विशेष रूप से वरिष्ठनागरिकों के लिए वृद्धावस्था (जरावस्था) शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ कमलेश धनोतिया द्वारा बताया गया कि शिविर में उपस्थित हुए वृद्धजनों के रोगो का उपचार कर स्वास्थ्य संबंधित काउंसिलिंग एवं नि:शुल्क आयुष औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही योगा आसन, स्वस्थ दिनचर्या, मौसमी बिमारियों, आहार विहार और विभागीय योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। पूरे जिले में आयोजित इन शिविरो में लगभग 5000 रोगियों को उपचार परामर्श दिया। जिसमें पुरुष वृद्धजनों की संख्या 1259 तथा महिला वृद्धजनों की संख्या 1133 कुल वृद्धजन लाभार्थीयों की 2392 है।

## पूजा खेड़कर पर केंद्र सरकार का फाइनल एक्शन, भारतीय प्रशासनिक सेवा से की गई बर्खास्त

**नई दिल्ली, 7 सितम्बर।** बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर पर भारत सरकार ने फाइनल एक्शन ले लिया है। केंद्र सरकार ने उनको तत्काल प्रभाव से भारतीय प्रशासनिक सेवा से बर्खास्त कर दिया है। पूजा खेडकर पर आरोप था कि उन्होंने ओबीसी और दिव्यांगता कोटे का दुरुपयोग कर यूपीएससी की परीक्षा में लाभ उठाया था। उनके खिलाफ संघ लोक सेवा आयोग ने 31 जुलाई को कड़ा एक्शन लिया था। उनकी उम्मीदवारी को ही रद्द कर दिया गया था। उसके साथ ही यह तय किया था कि वह भविष्य में कोई परीक्षा भी नहीं दे पाएं।

## जिले में अब तक औसत 913.3 मिमी वर्षा दर्ज

**नीमच, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक 913.3मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। इनमें नीमच 757 मि.मी., जावद में 1096 मि.मी.एवं मनासा में 887 मिमी ,वर्षा रिकार्ड की गई है। गत वर्ष इस अवधि में जिले में औसत 533.1मि.मी. वर्षा दर्ज हुई थी।गत वर्ष नीमच में 538 मि.मी. जावद में 585.4 मि.मी. एवं मनासा में 477 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 7 सितम्ब र 2024 को प्रात: 8 बजे तक की प्राप्तन जानकारी के अनुसार पिछले 24घंटों में जिले में औसत 12.33 मि.मी. वर्षा हुई है। इसमें नीमच में 7 मि.मी.,जावद में 28 मि.मी. एवं मनासा में 2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कल

**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अपर जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाएं जाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गईरूम। बैठक 9 सितंबर को पुलिस कंट्रोल रूम के सभाकक्ष में साय 4 बजे आयोजित की जाएगी।

## राष्ट्रीय पोषण माह अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मन्दसौर में राष्ट्रीय पोषण माह अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती स्वाति तिवारी, जिला समन्वयक श्रीमती ममता खिची एवं शिक्षा विभाग प्राचार्य के सी सोलंकी, श्री हामिद खान जैदी, श्रीमती रेणुका, श्री सुरेश चंद्र बोराना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से श्रीमती नीतू माथुर, जिला समन्वयक श्रीमती हेमिता भट्ट केमिस्ट उपस्थित थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती स्वाति तिवारी द्वारा बालिकाओं को एनीमिया एवं माहवारी स्वच्छता के बारे में बताया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल को स्वच्छ करने और स्वच्छ जल के परीक्षण की विधि बताई गई। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रंगोली बनाकर पोषण जागरूकता हेतु संदेश दिया एवं ढक्क द्वारा बनाए गए। विविध व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिला समन्वयक ममता खींची द्वारा किशोरी बालिकाओं से एनीमिया और पोषण से संबंधित प्रश्नोत्तरी की गई। सही उत्तर देने वाले बालिकाओं को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र वितरित किए गए कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## प्रदेश के दमोह, पन्ना, धार और देवास में छिपे हैं पेट्रोलियम के भंडार, पता लगाने में जुटी सरकार

**भोपाल, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश प्रदेश में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की खोज अब व्यापक स्तर पर की जाएगी। इसके साथ ही इसके उत्पादन तथा वितरण व विपणन के लिए राज्य सरकार की ओर से मध्य प्रदेश पेट्रोलियम कार्पोरेशन की स्थापना की जाएगी। इसको लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने खनिज साधन विभाग की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने बैठक में संबंधित अधिकारियों से इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही प्रदेश में राक फास्फेट पर आधारित उद्योग स्थापित करने के लिए भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

**मध्य प्रदेश में कहां-कहां छिपा है खजाना**-मध्य प्रदेश के दमोह और पन्ना जिले पठारी इलाके होने के कारण यहां पेट्रोलियम के भंडार होने की संभावना जताई जा रही है। इसके लिए पिछले कई साल से ओएनजीसी और सहयोगी कंपनियां यहां प्राकृतिक गैस व तेल की तलाश में जुटी हैं। इसी तरह पूर्व में धार और देवास जिलों में भी पेट्रोलियम पदार्थ मिलने की संभावना जताई जा चुकी है। अब प्रदेश सरकार संभावित स्थानों पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की खोज कराने की योजना पर काम कर रही है।

**भोपाल में होगा माइनिंग कॉन्क्लेव**-भोपाल में 14 व 15 अक्टूबर को माइनिंग कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के साथ किए जा रहे इस संयुक्त आयोजन में देश के अग्रणी उद्यमी, विषय-विशेषज्ञ, विभिन्न राज्यों के अधिकारी और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खनन क्षेत्र में सक्रिय कंपनियों के पदाधिकारी भाग लेंगे। यह कॉन्क्लेव खनिज गतिविधियों और निवेश को प्रोत्साहित करने में सहायक होगा।

## सिलिकोसिस जांच शिविर 10 को

**मंदसौर, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश स्लेट पेंसिल कर्मकार कल्याण मंडल मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिले के स्लेट पेंसिल उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विशेष सिलिकोसिस जांच शिविर का आयोजन 10 सितंबर 2024 को प्रात: 8 बजे से दोपहर 1 तक कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय चौधरी कॉलोनी मंदसौर में आयोजित किया है। जिसमें चिकित्सकों द्वारा श्रमिकों की सिलिकोसिस से संबंधित जांच की जाएगी।

## दो पक्षों में मारपीट, 3 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** दो पक्षों में मारपीट पर पुलिस ने 3 आरोपियों पर क्रास प्रकरण दर्ज किया। नापाखेड़ा निवासी मुकेश पिता उमाशंकर बागरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि कचनारा मेले में गया था। जहां मेरे सास सोहनबाई से कारुलाल बागरी झगड़ा कर रहा था, मैंने झगड़ा करने से मना किया तो मेरे साथ गाली-गलौज कर मारपीट की व पत्थर से चोंट पहुंचाई। पुलिस ने कारुलाल पर केस दर्ज किया।इसी तरह कारुलाल पिता अशोक बागरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि किशोर पिता बापूलाल बागरी व राहुल पिता बापूलाल बागरी आए और बोले कि हमारे जमाई से विवाद क्यों किया। दोनों ने गालियां दी व मारपीट की। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

### शिक्षक राव का किया सम्मान

**पिपलियामंडी, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षक दिवस पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय अमरपुरा के शिक्षक नरेश राव भोसले का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। श्रमजीवी पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष प्रकाश बंसल, पार्षद प्रतिनिधि गोर्धन योगी, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द्र कराडा, पुष्पेन्द्र कीमती, सुन्दरलाल प्रजापत, ओकप्रकाश कराड़ा, खेमराज प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

## पंचायत उपनिर्वाचन क्षेत्रो में मतदान के लिए श्रमिकों को सुविधा प्रदान करने के निर्देश

**नीमच, 07 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले मे पंचायतों के उपचु नाव-2024 के तहत रिक्त, एक ग्राम पंचायत में सरंपच पद के उपनिर्वाचन एवं विभिन्न् गाम पंचायतों में पंच पद के रिक्त 9 पदों के उपचुनाव के लिए मतदान 11 सितम्बरर 2024 को होगा। उपनिर्वाचन वाले पंचायत क्षेत्रों में उद्योग, कारखानों व्या पारिक प्रतिष्ठा2न दुकानों में कार्य करने वाले मतदाताओं का मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए मतदान दिवस पर अवकाश प्रतिस्थापित करने के आदेश दिए गये है। ऐसे कारखाने जो पूरे सप्तावह सातों दिन कार्य करते है। उनमें प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के लिए दो-दो घंटे की बारी-बारी से अवकाश की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए गये है।

### डाक्टर के क्लीनिक को सील... पेज 1 से जारी

बरडिया के पास एलोपेथिक इलाज करने के लिए कोई वैध डिग्री नही है। उसके बावजूद भी उनके द्वारा लोगो का एलोपेथिक पध्दति से इलाज किया जा रहा था। जिसकी शिकायत प्राप्त हुई थी, जांच दल के साथ मौके पर आकर देखा तो यहां भी एलोपेथिक दवाइयां सहित डॉक्टर बरडिया द्वारा लिखी पर्चियां ओर कई ऐसी चीजें मिली है, जिससे यह प्रमाणित होता है की डॉ बरडिया द्वारा ही मरीजों का इलाज किया जा रहा था। जिसको लेकर डॉक्टर अनिल बरडिया के क्लीनिक को सील करने की कार्यवाही करते हुए चिकित्सक के विरूद्व प्रकरण भी दर्ज किया गया। पुलिस ने राज्य आयुर्विज्ञान एक्ट की धारा 24 के तहत प्रकरण दर्ज किया हैं। मामले मे आरोपी डॉक्टर की तलाश की जा रही हैं।


✻ शवयात्रा ✻

हमारे बड़े भाई साहब एवं डॉ अजय सोडानी, संजय, अविनाश ( पुनित ) के पुज्य पिताजी एवं अभिज्ञ ,दिपाजंय अद्वैत,आयुश के दादाजी व अक्षय , महेश, कैलाश सोडानी के काकाजी, अनिल , मनोज , मनीष, केताऊजी , श्री सुरजमल जी सोडानी ( मनासा वाले)का निधन आज दिनांक 7/9/24/ शनिवार को सुबह हो गया है । जिनकी अंतिम यात्रा हमारे निवास 36, बी-सेक्टर साईनाथ कालोनी ( तिलक नगर) इन्दौर से सोमवार को सुबह 11-30 बजे निकाली जावेगी।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻

सोडानी परिवार, इन्दौर/मनासा



आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

आफिस में कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है।

वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648



कार्यालय जनपद पंचायत मंदसौर, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक-3237/मनरेगा/2024-25 मंदसौर, दिनांक-06.09.2024

✻✻✻✻ किराये पर वाहन हेतु ✻✻✻✻

जनपद पंचायत मंदसौर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम म.प्र. के सुचारु संचालन एवं विभिन्न निर्माण कार्यो की सतत निरीक्षण एवं मानिटरिंग हेतु एक डीजल जीप (बोलेरो, मार्शल आदि) मय ड्रायवर टेक्सी परमिट सहित की आवश्यकता है। जो कि मासिक किराये पर लिया जावेगा। वाहन दो वर्ष से अधिक पुराना नहीं लिया जावेगा।

इच्छुक निविदाकर्तागण दिनांक 14.09.2024 को अपरान्ह 03 बजे तक निविदा प्रपत्र जनपद पंचायत मंदसौर में जमा करा सकते है। निविदा के साथ 10000/- की ई.एम.डी. राशि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मंदसौर के नाम से निविदा के संलग्न प्रस्तुत करना होगी। प्राप्त निविदा दिनांक 14.09.2024 को जनपद पंचायत मंदसौर में सायं 5 बजे खोली जावेगी।

निविदा संबंधी विस्तृत शर्तो का अवलोकन जनपद पंचायत मंदसौर में कार्यालयीन समय (अवकाश को छोड़कर) में किया जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्िया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in